राम जी के नाम का सुमिरन करलो

श्री राम के नाम का अमृत पी लो,
प्रभु राम जी के नाम का सुमिरन करलो॥

श्री राम जी के नाम ने शबरी को तारा,
शबरी को तारा जी शबरी को तारा,
शबरी के जैसे ध्यान तुम धर लो,
प्रभु राम जी के नाम का सुमिरन करलो॥

अहिल्या का प्रभु ने उद्धार किया है,
उद्धार किया है, उद्धार किया है,
प्रभु नाम के सहारे भव पार तुम कर लो,
प्रभु राम जी के नाम का सुमिरन करलो॥

राम राम रटने से तुलसी भी तर गये,
तुलसी भी तर गये, तुलसी भी तर गये,
कलयुग के सागर से तुम भी आज तर लो,
श्री राम जी के नाम का सुमिरन करलो॥

प्रभु राम जी के सेवक है हनुमत प्यारे,
हनुमत प्यारे जी हनुमत प्यारे,
राम जी के साथ इनका गुणगान कर लो,
प्रभु राम जी के नाम का सुमिरन करलो,
श्री राम के नाम का अमृत पी लो,
प्रभु राम जी के नाम का सुमिरन करलो॥

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24411/title/ran-ji-ke-naam-ka-sumiran-karlo

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |